an>

Title: Need to conduct the written examinations of Staff Selection Commission and other Bank Examinations in respective States of the candidates.

श्री कृपाल बालाजी तुमाने (रामटेक) : सभापति जी, आज मैं एक संवेदनशील मुद्दे की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। स्टाफ सिलेक्शन कमीशन और अन्य बैंकों की परीक्षा में परीक्षा सेंटर अन्य राज्यों में दिया जाता है। लेकिन पर्चा लीक होने के बाद वह एग्जाम कैंसिल हो जाती है जिससे जो बच्चे एक राज्य से दूसरे राज्य में एग्जाम देने जाते हैं उनको काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है क्योंकि परीक्षा केन्द्र या सरकार की तरफ से उन्हें कोई टीएडीए नहीं दिया जाता है।

अतः मेरी आपसे प्रार्थना है कि ऐसे सभी एग्जाम उसी राज्य में लिये जाएं जिस राज्य के वे परीक्षार्थी हैं। इसी तरह से जो पर्चे लीक होते हैं अगर उनका संबंध प्राइवेट स्कूल या कालेजों से मिलता है तो उनपर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए।